# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 84/2026

## सत्र 2026–2028 के लिए इंटरमीडिएट कक्षा में बिहार राज्य के उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी सरकारी/गैर सरकारी शिक्षण संस्थान में ऑनलाईन नामांकन हेतु विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सूचना

## CBSE एवं अन्य बोर्ड से 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों के कक्षा 11वीं में नामांकन हेतु OFSS के माध्यम से सामान्य आवेदन प्रपत्र (COMMON APPLICATION FORM) भरने के लिए दिनांक–19.04.2026 से 25.04.2026 तक अवसर देने से संबंधित आवश्यक सूचना

एतद द्वारा बिहार राज्य के उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी सरकारी/गैर सरकारी इंटरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में इंटरमीडिएट कक्षा में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि Online Facilitation System for Students (OFSS) सॉफ्टवेयर के माध्यम से इंटरमीडिएट कक्षा में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं अन्य केन्द्रीय/राज्य बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक अथवा समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का ऑनलाईन नामांकन की कार्रवाई की जा रही है। इस हेतु समिति द्वारा विज्ञप्ति संख्या– पी.आर. 74/2026 के माध्यम से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों से दिनांक 08.04.2026 से 18.04.2026 तक ऑनलाईन आवेदन (CAF) आमंत्रित किया गया था, **जिसे दिनांक 19.04.2026 से 25.04.2026 तक विस्तारित किया जाता है। प्रथम चयन सूची के लिए यह अंतिम अवसर होगा।**

2. CBSE एवं अन्य बोर्ड से 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी जो कक्षा 11वीं में नामांकन के लिए इच्छुक है, वे OFSS के माध्यम से सामान्य आवेदन प्रपत्र (COMMON APPLICATION FORM) **दिनांक–19.04.2026 से 25.04.2026 तक** भर सकते है। साथ ही, अगर कोई विद्यार्थी इन्टरमीडिएट सत्र 2026–28 के 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु पूर्व निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन आवेदन नही कर पाये हैं तो वे भी **दिनांक–19.04.2026 से 25.04.2026 तक** OFSS बेवसाईट **https://ofssbihar.net** पर ऑनलाईन सामान्य आवेदन प्रपत्र (CAF) भर सकते हैं।

3. इंटरमीडिएट में नामांकन लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे सामान्य आवेदन प्रपत्र (CAF - Common Application Form) एवं सामान्य सूची पत्र (CP - Common Prospectus) को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें, ताकि आवेदन देने के क्रम में उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। **सामान्य आवेदन प्रपत्र एवं सामान्य सूची पत्र समिति की वेबसाईट https://ofssbihar.net पर दिनांक 19 अप्रैल, 2026 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से उपलब्ध रहेगा।** सामान्य सूची पत्र (CP) में विस्तृत जानकारी है जिसे ध्यानपूर्वक पढ़ने से इंटरमीडिएट कक्षा में नामांकन लेने के इच्छुक आवेदकों को OFSS के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया, चयन की प्रक्रिया, आवेदकों को नामांकन के लिए चुने जाने पर उन्हें सूचना देने की प्रक्रिया, आरक्षण तथा अन्य विस्तृत जानकारी मिलेगी। उन्हें यह भी सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी सरकारी/गैर सरकारी इंटरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु OFSS के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन ही दिया जाना है अर्थात् **किसी भी स्थिति में नामांकन हेतु ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन करने में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए विद्यार्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे।**

4. एक मोबाईल नम्बर एवं एक ई–मेल आई0डी0 का उपयोग मात्र एक ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए ही किया जाएगा।

5. सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे नामांकन प्रपत्र (CAF) भरने के पूर्व OFSS के माध्यम से राज्य के विभिन्न इंटरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में पिछले वर्ष (2024) लिये गये नामांकन हेतु जारी की गई मेधा सूची का Cut off Marks वेबसाईट **(https://ofssbihar.net)** पर पहले अवश्य देख लें, फिर यह तय करें कि वे अपना नामांकन किस इंटरस्तरीय शिक्षण संस्थान में प्राथमिकता के अनुसार लेना चाहते हैं।

6. **इण्टरमीडिएट में नामांकन लेने के इच्छुक सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के संकल्प ज्ञापांक–11/वि0–11–09/2024–587, पटना, दिनांक 21.02.2024 के द्वारा 01.04.2024 से राज्य के डिग्री महाविद्यालय (अंगीभूत/सम्बद्ध/ अल्पसंख्यक) में इंटरस्तरीय पढ़ाई की व्यवस्था समाप्त कर दी गयी है। अतएव, राज्य के डिग्री महाविद्यालयों (अंगीभूत/सम्बद्ध/अल्पसंख्यक) का विकल्प इण्टरमीडिएट सत्र 2026–28 के लिए भी उपलब्ध नहीं रहेगा।**

7. **विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे नामांकन हेतु विभिन्न विद्यालयों का विकल्प सावधानीपूर्वक चुनें, क्योंकि OFSS के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन भरते समय एक बार विकल्प चुनने के पश्चात् वही सारे विकल्प (Option) अंतिम विकल्प माने जाएंगे तथा नामांकन प्रक्रिया के दौरान उन्हें बदला नहीं जा सकेगा।**

8. **Online Facilitation System for Students (OFSS) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन (CAF) कैसे करें, अर्थात्**

**ऑनलाईन आवेदन की विस्तृत प्रक्रिया–**

**क. अपने घर से अथवा किसी अन्य स्थान के कम्प्यूटर के माध्यम से जिसमें इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो, ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया–**

अपने घर से इंटरनेट युक्त कम्प्यूटर के माध्यम से OFSS व्यवस्था के तहत ऑनलाईन आवेदन भरने के विभिन्न चरण निम्नवत् हैं:

**आवेदन भरने के पहले निम्नलिखित जानकारी अपने पास रखें:–**

- यदि विद्यार्थी ने दसवीं की परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से उतीर्ण की है तो अपना रोल कोड, रौल नं0 तथा जन्म तिथि तैयार रखें।
- यदि विद्यार्थी ने दसवीं की परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के समकक्ष किसी अन्य बोर्ड से उतीर्ण की है तो अपना कुल अंक एवं प्राप्तांक तैयार रखें।
- विद्यार्थी अपना पासपोर्ट साइज फोटो का स्कैन कॉपी कम्प्यूटर में तैयार रखें ताकि सामान्य आवेदन प्रपत्र भरते समय जब जरूरत हो तो अपलोड किया जा सके।
- मोबाईल नम्बर
- ई–मेल

i. आवेदक किसी भी ब्राउजर के माध्यम से **https://ofssbihar.net** पर जायें।

ii. सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** पर क्लिक करें।

iii. दिये गये दिशा–निर्देश को ध्यानपूर्वक पढ़े।

iv. **Check Box** और उसके उपरांत **I Accept** पर क्लिक करने के बाद नियम एवं शर्तों को स्वीकार करें।

v. इसके बाद सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** आपके कम्प्यूटर पर खुल जायेगा।

vi. अगर आवेदक ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है तो उन्हें समिति द्वारा निर्गत यूनिक आई0डी0, दसवीं परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष, रौल कोड, रौल नम्बर एवं जन्म तिथि सुरक्षित रखना होगा। यदि यूनिक आई0डी0 से ऑनलाईन डेटा प्रदर्शित नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में विद्यार्थी को परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष, रौल कोड, रौल नम्बर एवं जन्म तिथि अंकित करना होगा। इस प्रकार ऑनलाईन इंट्री करने पर आवेदक को उनके सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** में अंक एवं अन्य सभी विवरणी इत्यादि कम्प्यूटर स्क्रीन पर स्वतः दिखायी देगा।

vii. अगर विद्यार्थी किसी अन्य बोर्ड से दसवीं या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है तो यह आवश्यक है कि सामान्य आवेदन प्रपत्र में जो जानकारी मांगी गयी है उसे वे भरें।

viii. सभी जानकारियों को एक बार भर लेने के बाद आवेदक को अपना फोटो सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** में अपलोड करना है। फोटो अपलोड करना आवश्यक है।

ix. आवेदक को नामांकन के लिये इंटरस्तरीय शिक्षण संस्थान का विकल्प चुनना है। आवेदक न्यूनतम 10 विकल्प और अधिकतम 20 विकल्प चुन सकता है। 1 विद्यालय में 1 विषय 1 विकल्प माना जायेगा।

x. **नामांकन के विकल्प भरने के लिए विद्यार्थी निम्नलिखित प्रक्रिया अपनायें:–**

- **Drop Down** लिस्ट से जिला चुनें।
- जिला चुनने के बाद इंटरस्तरीय शिक्षण संस्थान चुनें।
- इंटरस्तरीय शिक्षण संस्थान चुनने के बाद संकाय चुनें। जैसे–कला, विज्ञान एंव वाणिज्य इत्यादि।
- **Submit** बटन पर क्लिक करें।
- **Submit** बटन पर क्लिक करने के बाद आपका विकल्प दर्ज हो जायेगा।
- इस प्रकार से आप सामान्य आवेदन प्रपत्र में न्यूनतम 10 विकल्प एवं अधिकतम 20 विकल्प चुन सकते हैं।

xi. विद्यार्थी उच्च प्राथमिकता वाले विकल्प पहले भरें। उदाहरण के तौर पर यदि इंटरमीडिएट में नामांकन के लिए आपकी पहली प्राथमिकता विज्ञान संकाय में राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर, पटना में है, और दूसरी प्राथमिकता या विकल्प विज्ञान संकाय में पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना में है, तो आप राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर, पटना में पहली प्राथमिकता का विकल्प भरें और उसके उपरांत पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना का विकल्प भरें। इसी प्रकार, इंटरमीडिएट में नामांकन के लिए अगर आपकी पहली प्राथमिकता एस०जी०डी० पाटलीपुत्रा उच्च विद्यालय, पटना है, और दूसरी प्राथमिकता एस०आर०पी० +2 स्कूल गर्दनीबाग पटना है, तो आप एस०जी०डी० पाटलीपुत्रा उच्च विद्यालय, पटना में पहली प्राथमिकता का विकल्प भरें और उसके उपरान्त दूसरी प्राथमिकता में एस०आर०पी० +2 स्कूल गर्दनीबाग पटना का विकल्प भरें।

xii. एक बार जब आपने सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** भर दिया है तो कृपया एक बार फिर उसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें ताकि अगर कोई गलती आप से हुई है तो उसका पता आपको चल जाये। आवेदन में दिया गया पूरा विवरण अगर आपको सही लगता हे तो **Submit** बटन को क्लिक करें।

xiii. इसके उपरान्त कम्प्यूटर स्क्रीन पर भरे हुये आवेदन का **Preview** दिखायी देगा।

xiv. कृपया इसके उपरान्त भरे हुए आवेदन की आप दोबारा जांच कर लें। अगर आवेदन प्रपत्र में सभी जानकारियों का आप सही पाते हैं तो **Confirm** बटन को क्लिक करें। अगर भरी हुई जानकारियों को आप सही नहीं पाते हैं तो आप **Modify** बटन को क्लिक करें।

xv. **Modify** बटन को क्लिक करने पर सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** आपको पुनः दिखाई देगा। इसे देखकर आप उसमें भरी हुई उन जानकारी को शुद्ध कर सकते हैं जिसे आप सुधारना चाहते हैं। इसके बाद आप **Confirm** बटन को क्लिक करें।

xvi. **Confirm** बटन को क्लिक करने के बाद आपके निबन्धित मोबाईल नम्बर पर यह व्यवस्था या पद्धति आपको एक **One Time Password (OTP)** भेजेगी।

xvii. **System** में **One Time Password (OTP)** को डालें और इसके उपरांत आपका मोबाईल नम्बर सुनिश्चित हो जायेगा।

xviii. एक बार मोबाईल नम्बर सुनिश्चित हो जाने के बाद आपको रू0 350/– का भुगतान करने का निर्देश मिलेगा। यह रू0 350/– का भुगतान आवेदन शुल्क होगा। यह भुगतान आप ऑनलाईन माध्यम **(Debit Card, Credit Card एवं Net Banking)** से कर सकते हैं। इसके अलावा अगर आप चाहें तो यह भुगतान ई–चालान के माध्यम से भी कर सकते हैं। ई–चालान के माध्यम से अगर आप भुगतान करना चाहते हैं तो इसके लिए आवश्यक होगा कि चालान की मुद्रित प्रति लेकर आप इसे अपने नजदीकी निर्धारित HDFC Bank Ltd. एवं Indian Bank के शाखा में जमा करें।

xix. सफलतापूर्वक भुगतान सुनिश्चित हो जाने के बाद यह व्यवस्था आपके द्वारा भरे गये ऑनलाईन आवेदन से संबंधित एक प्राप्ति प्रति **(Acknowledgment Copy)** जारी करेगी। आपको सलाह दी जाती है कि यह मुद्रित प्राप्ति प्रति **(Acknowledgment Copy)** आप निकाल कर रख लें ताकि भविष्य में यह आपके काम आ सके।

xx. सफलतापूर्वक आवेदन प्रपत्र भरे जाने के पश्चात आपको आपके निबंधित मोबाईल एवं ई–मेल पर यूजर आई0डी0 और पासवर्ड मिलेगा।

xxi. **कृपया ध्यान दें: रू0 350/– के आवेदन शुल्क जमा नहीं होने पर आपका आवेदन प्रपत्र अस्वीकृत समझा जायेगा। अतः यह आवश्यक है कि आवेदन शुल्क निश्चित रूप से जमा किया जाय ताकि आपका आवेदन स्वीकृत समझा जा सके।**

ख. **इंटरनेट साइबर कैफे के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया :–** विद्यार्थी किसी भी साइबर कैफे में जाकर स्वयं ऑनलाईन आवेदन **OFSS** व्यवस्था के तहत भर सकते हैं। यदि आवेदक साइबर कैफे के ऑपरेटर द्वारा ऑनलाईन फार्म भरवाना चाह रहें हैं तो फार्म 7 या फार्म 8 वेबसाईट **(https://ofssbihar.net)** से डाउनलोड कर और उसे भरकर ऑपरेटर को दें, ताकि वे सारी जानकारी ऑनलाईन आवेदन फार्म में भर कर सारी प्रक्रिया पूरी कर सकें। यदि आवेदक स्वयं ऑनलाईन आवेदन भरना चाहते हैं तो उन्हें नीचे लिखे क्रम के अनुसार ऑनलाईन आवेदन देना है :

**साइबर कैफे के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने के लिए निम्नलिखित चरणों से आवेदक को गुजरना है:–**

- विद्यार्थी आवेदन भरने के लिए नीचे लिखे सूचनाओं को पहले से ही तैयार रखें। अगर विद्यार्थी ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है तो वे अपना रौल कोड, रौल नम्बर और जन्म तिथि तैयार रखें।
- अगर विद्यार्थी ने बिहार बोर्ड के अलावा दसवीं अथवा उसके समकक्ष परीक्षा किसी अन्य बोर्ड से उत्तीर्ण की है तो उन्हें अंक विवरणी को पहले से तैयार कर अपने पास रखना चाहिये। विद्यार्थी को यह भी सलाह दी जाती है कि वे स्कैन किया हुआ पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ भी कम्प्यूटर में तैयार रखें, ताकि सामान्य आवेदन प्रपत्र (Common Application Form) में उसे अपलोड किया जा सके।
- मोबाईल नम्बर
- ई–मेल

i. आवेदक किसी भी वेब ब्राउजर पर **https://ofssbihar.net** को इंटरनेट के माध्यम से खोलेगें।

ii. सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** पर क्लिक करेंगे।

iii. इस पेज पर दिखाये गये सभी अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

iv. **Check Box** और उसके उपरांत **I Accept** क्लिक करने के बाद नियम एवं शर्तों को स्वीकार करें।

v. इसके बाद कम्प्यूटर स्क्रीन पर सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** खुल जायेगा।

vi. अगर आवेदक ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है तो उन्हें समिति द्वारा निर्गत यूनिक आई0डी0, दसवीं परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष, रौल कोड, रौल नम्बर एवं जन्म तिथि सुरक्षित रखना होगा। यदि यूनिक आई0डी0 से ऑनलाईन डेटा प्रदर्शित नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में विद्यार्थी को परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष, रौल कोड, रौल नम्बर एवं जन्म तिथि अंकित करना होगा। इस प्रकार ऑनलाईन इंट्री करने पर आवेदक को उनके सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** में अंक एवं अन्य सभी विवरणी इत्यादि कम्प्यूटर स्क्रीन पर स्वतः दिखायी देगा।

vii. अगर आवेदक ने किसी अन्य बोर्ड से दसवीं या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है तो यह आवश्यक है कि सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** में जो जानकारी मांगी गयी है उसे वे भरें।

viii. सभी जानकारियों को एक बार भर लेने के बाद आवेदक को अपना फोटो सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** में अपलोड करना है। फोटो को अपलोड करना आवश्यक है।

ix. सभी जानकारियों को भर लेने के बाद आवेदक को नामांकन के लिए विकल्प चुनना है। आवेदक न्यूनतम 10 विकल्प और अधिकतम 20 विकल्प चुन सकता है। 1 शिक्षण संस्थान में 1 विषय 1 विकल्प माना जायेगा।

x. **ऑनलाईन नामांकन के लिए विकल्प भरने के लिए नीचे दिये गये बिन्दु को ध्यान से पढ़ें–**

- **Drop Down** लिस्ट से जिला चुनें।
- जिला को चुनने के बाद शिक्षण संस्थान चुनें।
- शिक्षण संस्थान को चुनने के बाद, संकाय चुने जैसे– कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि।
- **Submit** बटन को क्लिक करें।
- **Submit** बटन पर क्लिक करते ही आपका विकल्प **Submit** हो जायेगा।
- इस तरह से आप सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** में न्यूनतम 10 विकल्प एवं अधिकतम 20 विकल्प चुन सकते हैं।

xi. उच्च प्राथमिकता वाले विकल्प पहले भरें। मान लिया जाय कि इंटरमीडिएट में नामांकन के लिए आपकी पहली प्राथमिकता या विकल्प विज्ञान संकाय में राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर, पटना में है, और दूसरी प्राथमिकता या विकल्प विज्ञान संकाय में पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना में है, तो आप राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर, पटना में पहली प्राथमिकता का विकल्प भरें और उसके उपरांत पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना का विकल्प भरें। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में नामांकन के लिए अगर आपकी पहली प्राथमिकता एस०जी०डी० पाटलीपुत्रा उच्च विद्यालय, पटना है और दूसरी प्राथमिकता एस०आर०पी० +2 स्कूल गर्दनीबाग पटना है, तो आप एस०जी०डी० पाटलीपुत्रा उच्च विद्यालय, पटना में पहली प्राथमिकता का विकल्प भरें और उसके उपरान्त दूसरी प्राथमिकता में एस०आर०पी० +2 स्कूल, गर्दनीबाग, पटना का विकल्प भरें।

xii. एक बार जब आपने सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** भर दिया हो तो कृपया एक बार फिर उसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें ताकि अगर कोई गलती आप से हुई है तो उसका पता चल जाये। आवेदन में दिया गया पूरा विवरण अगर आपको सही लगता हे तो **Submit** बटन को क्लिक करें।

xiii. इसके उपरान्त कम्प्यूटर स्क्रीन पर भरे हुये आवेदन का **Preview** दिखायी देगा।

xiv. इसके उपरान्त भरे हुए आवेदन की आप दोबारा जांच कर लें। अगर आवेदन प्रपत्र में सभी विवरणी आप सही पाते हैं तो **Confirm** बटन को क्लिक करें। अगर भरी हुई विवरणियों को आप सही नहीं पाते हैं तो आप **Modify** बटन को क्लिक करें।

xv. **Modify** बटन को क्लिक करने पर सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** आपको पुनः दिखाई देगा। इसे देखकर आप उसमें भरी हुई उन जानकारियों को शुद्ध कर सकते हैं जिसे आप सुधारना चाहते हैं। इसके बाद आप **Confirm** बटन को क्लिक करें।

xvi. **Confirm** बटन को क्लिक करने के बाद आपके निबंधित मोबाईल नम्बर पर यह व्यवस्था एक **One Time Password (OTP)** भेजेगी।

xvii. **System** में **One Time Password (OTP)** अंकित करें और इसके उपरांत आपका मोबाईल नम्बर सुनिश्चित हो जायेगा।

xviii. एक बार मोबाईल नम्बर सुनिश्चित हो जाने के बाद आपको रू0 350/– का भुगतान करने का निदेश मिलेगा। यह रू0 350/– का भुगतान आवेदन शुल्क होगा। यह भुगतान आप ऑनलाईन माध्यम **(Debit Card, Credit Card एवं Net Banking)** से कर सकते हैं। इसके अलावा अगर आप चाहें तो यह भुगतान ई–चालान के माध्यम से भी कर सकते हैं। ई–चालान के माध्यम से अगर आप भुगतान करना चाहते हैं तो इसके लिए आवश्यक होगा कि चालान की मुद्रित प्रति लेकर आप इसे अपने नजदीकी निर्धारित HDFC Bank Ltd. एवं Indian Bank के शाखा में जमा करें।

xix. सफलतापूर्वक भुगतान सुनिश्चित हो जाने के बाद यह व्यवस्था आपके द्वारा भरे गये आवेदन से संबंधित एक प्राप्ति प्रति **(Acknowledgment Copy)** जारी करेगी। आपको सलाह दी जाती है कि यह मुद्रित प्राप्ति प्रति **(Acknowledgment Copy)** आप निकाल कर रख लें ताकि भविष्य में यह आपके काम आ सके।

xx. सफलतापूर्वक आवेदन प्रपत्र भरे जाने के पश्चात् आपको आपके निबंधित मोबाईल एवं ई–मेल पर यूजर आई0डी0 और पासवर्ड मिलेगा।

**नोटः– कृपया ध्यान दें: रू0 350/– के आवेदन शुल्क जमा नहीं होने पर आपका आवेदन प्रपत्र अस्वीकृत समझा जायेगा। अतः यह आवश्यक है कि आवेदन शुल्क निश्चित रूप से जमा किया जाय ताकि आपका आवेदन स्वीकृत किया जा सके।**

ग. **जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र (District Registration cum Counselling Centre) जिसे संक्षेप में DRCC कहा जाता है, के द्वारा आवेदन भरने की प्रकिया–** विद्यार्थी जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र (DRCC) के माध्यम से Online Facilitation System for Students (OFSS) व्यवस्था के तहत ऑनलाईन आवेदन करने के विभिन्न चरण निम्नवत् हैं :–

अगर विद्यार्थी जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र (DRCC) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन भरना चाहते हैं तो उन्हें निर्धारित DRCC केंन्द्र पर जाना होगा। आवेदक अथवा DRCC के ऑपरेटर वेबसाईट **(https://ofssbihar.net)** पर जाकर आवश्यकतानुसार फार्म संख्या 7 अथवा फार्म संख्या 8 डाउनलोड करके उसका प्रिंट निकाल सकते हैं। विद्यार्थी ने जिस बोर्ड से दसवीं परीक्षा उत्तीर्ण की है, उसके अनुसार DRCC के ऑपरेटर से मुद्रित फार्म लेंगे :–

| फार्म संख्या | विवरण |
|---|---|
| फार्म संख्या 7 | अगर विद्यार्थी ने दसवीं की परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से उत्तीर्ण की है। |
| फार्म संख्या 8 | अगर विद्यार्थी ने दसवीं या समकक्ष परीक्षा सी०बी०एस०ई०, आई०सी०एस०ई० या किसी अन्य केन्द्र अथवा राज्य के बोर्ड से उत्तीर्ण की है। |

i. फॉर्म संख्या 7 या फार्म संख्या 8 को ऑफलाईन मोड में भरें।

ii. विद्यार्थी सभी विस्तृत जानकारी फार्म में भरने के बाद फार्म के नीचे हस्ताक्षर करें।

iii. विद्यार्थी सभी जानकारी अंग्रेजी के **CAPITAL** अक्षर में भरें।

iv. फॉर्म भरने के पश्चात् विद्यार्थी फॉर्म के अनुलग्नक में शिक्षण संस्थान का विकल्प भरेंगे।

v. फॉर्म पूरी तरह भरने के बाद आवेदक फॉर्म को DRCC के ऑपरेटर को अपने एक रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ देंगे।

vi. DRCC के ऑपरेटर उस फार्म में भरी गयी जानकारी को ऑनलाईन आवेदन फार्म में भर देंगे।

vii. ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद DRCC के ऑपरेटर ऑनलाईन आवेदन का **Preview** कम्प्यूटर स्क्रीन पर आवेदक को दिखा देंगे।

viii. विद्यार्थी पूरी जानकारी को भली–भाँति जाँच लेंगे कि सभी जानकारी सही भरी गयी है।

ix. मोबाईल नम्बर दर्ज होने के बाद विद्यार्थी को ई–चालान की एक प्रति मिलेगी।

x. विद्यार्थी अपने पास के HDFC Bank Ltd. एवं Indian Bank के शाखा में जाकर आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जमा करेंगे। बैंक में आवेदन शुल्क जमा करने के 48 घंटे के बाद भुगतान की सूचना OFSS वेबसाईट पर अपडेट हो जायेगी।

xi. भुगतान की सूचना अपडेट होने के बाद विद्यार्थी को **User ID** और **Password** उनके द्वारा निबंधित मोबाईल और ई–मेल पर प्राप्त होगी।

xii. **कृपया ध्यान दें: आवेदन शुल्क रू0 350/– जमा किये बिना आवेदन स्वीकृत नहीं माना जायेगा। यह अनिवार्य है कि आवेदन के साथ आवेदन शुल्क भी जमा किया जाय।**

9. Online Facilitaition System for Sutdents (OFSS) पद्धति के तहत आनॅलाईन आवेदन में विद्यार्थियों द्वारा भरे गये शिक्षण संस्थानों के विकल्पों के आधार पर नामांकन हेतु मेधा सूची जारी किया जाएगा। इस सूची के आधार पर आवेदक सूची में आवंटित इंटरस्तरीय शिक्षण संस्थान में जाकर नामांकन ले सकेंगे।

10. ऑनलाईन नामांकन के लिये बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा एक मोबाईल एप तैयार किया गया है, जो कि **Google Play Store** पर **OFSS Bihar Info** नाम से उपलब्ध है। इस एप का इस्तेमाल **Android Smart Phone** पर किया जा सकता है। इसके इस्तेमाल से विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन से संबंधित सूचनाओं एवं अन्य जानकारियों को प्राप्त कर सकते हैं। सूचित किया जाता है कि इस एप का इस्तेमाल आवेदन भरने के लिये नहीं किया जा सकता है।

11. नामांकन में आरक्षण :– बिहार सरकार की अधिसूचना के अनुसार इंटरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में आरक्षण निम्नवत् रहेंगा :–

| Category | Reservation (%) |
|---|---|
| अनुसूचित जाति (SC) | 16% |
| अनुसूचित जनजाति (ST) | 01% |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) | 18% |
| पिछड़ा वर्ग (BC) | 12% |
| पिछड़ा वर्ग की महिला | 03% |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) (ऐसे अभ्यर्थी जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यन्त पिछड़े वर्ग एवं पिछड़े वर्ग के लिए किये गए आरक्षण प्रावधानों से आच्छादित नहीं हैं।) | 10% |

उक्त के अतिरिक्त दिव्यांग कोटे की 05% सीट सम्बन्धित वर्ग में आरक्षित रहेगी।

12. सामान्य आवेदन प्रपत्र **Common Application Form (CAF)** भरने से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी अथवा समस्याओं के त्वरित निदान के लिये बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के **हेल्प सेंटर नम्बर 0612–2230009/0612–2230051** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**संयुक्त सचिव (OFSS)**